Literacy for a Billion

Movie: God tusi great ho
Year: 1991

Song: God tusi great ho
Lyricist: Shabbir, Sajid Farhad

ज़िंदगी से तेज़ भागूँ
वक़्त पीछे मैं आगे चलूँ
कल मैं कुछ था आज कुछ हूँ
अब किसी के ना रोके रूकूँ
हे ज़िंदगी से तेज़ भागूँ
वक़्त पीछे मैं आगे चलूँ
कल मैं कुछ था आज कुछ हूँ
अब किसी के ना रोके रूकूँ
मैं जो चाहूँ रात को दिन
और दिन को रातें मैं करूँ
मैं करूँ मैं करूँ
ओह गॉड
ओह गॉड
ओह गॉड तुस्सी ग्रेट हो
ओह गॉड तुस्सी ग्रेट हो
ओह गॉड तुस्सी ग्रेट हो
ओह गॉड तुस्सी ग्रेट हो

हाथों से मैं बढ़के छू लूँ आसमाँ
चाँद तारे खेले मेरे दरमियाँ
मेरी उँगली थाम के सुबह चले
मेरे कब्ज़े में है ये दोनो ज़हाँ
क़िस्मत की चाबी जीवन की ड़ोरी
देखो है मेरे हाथ में
जिसको भी चाहूँ जैसे नचाऊँ
पावर है मेरी बात में
मैं सारी दुनिया का मालिक
मैं जो चाहूँ वो करूँ

वो करूँ वो करूँ
ओह गॉड
ओह गॉड
ओह गॉड तुस्सी ग्रेट हो
ओह गॉड तुस्सी ग्रेट हो
ओह गॉड तुस्सी ग्रेट हो
ओह गॉड तुस्सी ग्रेट हो

मैं हूँ कुदरत मैं हूँ ताकत
तो क्यों दी तूने ये आफ़त
मेरी धरती मेरी ज़न्नत
तो पूरी कर दे हर मन्नत
ओ दर्जा हमारा सबसे है ऊँचा
हमसा ना कोई दुजा
अरे हम ना होंगे तो
सोचो तुम्हारी फिर कौन करता पूजा
आ... माँगे बिना देता है जो
ऐसा हूँ अन्तरयामी
दया का तू जो सागर है तो
क्यों लाया फिर सुनामी
माना के तुने दी अक़्ल हमें
पर देखले कैसे चलाया हमनें
अरे अक़्ल चलाके मुझे इतना बता दे
ज़रा कौनसा तीर चलाया तुमने
कम्प्यूटर बनाया मैंने
रोबोट बनाया मैंने
सेटेलाइट बनाया
अरे मैं मैं मैं करता है मुरख

तुझको किसने बनाया मैंने
ज़ान तेरी मेरी मुट्ठी में
तू ही बता तेरा क्या करूँ
क्या करूँ क्या करूँ
ओह गॉड तुस्सी ग्रेट हो

ओह गॉड तुस्सी ग्रेट हो
ओह गॉड तुस्सी ग्रेट हो
ओह गॉड तुस्सी ग्रेट हो

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.